# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## First Term Examination - 2018

### Class : 8

**SUB: Hindi Text** F.M.80

**DURATION: 2 Hrs30Mins** DATE:19.04.2018

*नोट: कार्य स्वच्छता तथा व्यवस्थित रूप से किया जाना चाहिए।*

## GROUP-A (15)

1. **बहुवैकल्पिक प्रश्न** (1X5=5)

क. संसार में सुख रुपी सरिता बहाने के लिए क्या आवश्यक है?

(i)मानवता की लाज बचाना (ii)सदाचार को अपनाना (iii)दानव का दुर्ग नष्ट करना (iv)प्रीत की घटा बरसाना

ख. आराम ही मौत है उनके लिए, ____

(i)जो सुख का मूल्य चुकाते हैं (ii)जिन्हें आराम आसानी से मिल जाता है (iii)जो दुनिया में मजे लूटते हैं (iv)जिन्हें आराम नहीं मिलता

ग. 'मकसद' शब्द का अर्थ है--- (i)उद्देश्य (ii)सदाचार (iii)रहस्य (iv)व्रत रखना

घ. अकेला होने पर भी मगन रहता है--- (i)सिंह (ii)साहसी (iii)आदमी iv)कायर

ङ. ऋषि दधीची के आश्रम के पशु-पक्षी क्या भूल गए थे?

(i)अपनी बोली (ii)अपना स्वाभाविक वैर (iii)अपनी स्वाभाविक क्रिया (iv)पारस्परिक सौहार्द्य

2. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** (1X10=10)

क. **शब्दार्थ लिखो** – पुलकित, नृशंसता, मद्धिम, संयम, नेक (5)

ख. **रिक्त स्थान भरो** - (5)

I.पानी का महत्त्व वही समझ सकता है जो ____ से बेहाल हो।

ii. जिंदगी की ____ सूरतें हैं।

iii. अकारण ______करना वृत्रासुर का स्वाभाव है।

iv.उपवास और ______आत्महत्या के साधन नहीं है।

v.ऋषि की ______ से देवताओं ने वज्र बनाया।

## GROUP-B (25)

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्य में उत्तर दो -** (2X5=10)

क. 'एक बने हम...' नामक कविता का उद्देश्य क्या है?

ख. कौन-से कच्चे धागों को कोई तोड़ नहीं सकता?

ग. महाभारत में अधिकांश वीर किसके पक्ष में थे और क्यों ?

घ. 'हिम्मत और जिंदगी' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है?

ङ. देवताओं को ब्रह्मा जी की सलाह की आवश्यकता क्यों पड़ी?

2. **किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर 5-6 वाक्य में उत्तर दो -** **(3X5=15)**

क. किसने-किससे और किस पाठ में कहा -

क.1. 'यह तो अनर्थ हो रहा है'

क.2. 'मुसीबत में धैर्य नहीं खोना चाहिए'

क.3. 'पानी में भीगा फूल मत लीजियेगा'

ख. वाक्य बनाओ - शीतलता, अमृत, आँख

ग. वृत्रासुर कौन था? उसका नाश किस प्रकार हुआ?

घ. ऋषि दधीचि का आश्रम कहाँ व कैसा था? वर्णन करो ।

ङ. नेक और एक बने रहने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

च. हनुमान प्रसाद ने गोभी के फूल किससे, कहाँ से और क्यों मँगवाए थे?

छ. लेखक हनुप्रसाद को 'लखनऊ के' फूल क्यों नहीं दे पाए?

## GROUP- C (40)

*1. किन्हीं <u>छह</u> प्रश्नों के उत्तर 10-12 वाक्यों में दो -* (5X6=30)

**(प्रश्न संख्या 'क' अनिवार्य है)**

क. 'एक बने हम नेक बने हम' कविता की 10 पंक्तियाँ लिखो। **(अनिवार्य)** (10)

ख. 'हम उतना ही पाते हैं जितनी पूँजी लगाते हैं' --- पंक्ति की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए । (5)

ग. हमारे समाज में आज कौन-कौन-सी बुराइयाँ हैं जिन्हें आप दूर करना चाहते हैं और क्यों? (5)

घ. साहसी मनुष्य की कोई आठ विशेषताएँ लिखो । (5)

ङ. ऐसे किसी एक महापुरुष के बारे में लिखिए जिसने अपने साहस से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हों (5)

च. यदि ऋषि दधीचि अपनी अस्थियाँ दान न करते तो देवतागण वृत्रासुर से किस प्रकार मुक्ति पाते - कल्पना करके बताइए । (5)

छ. सब्जीमंडी का हर व्यक्ति बाबू हनुमान प्रसाद को कैसे पहचानता था? (5)

ज. 'साहसी मनुष्य सपने उधार नहीं लेता; वह अपने विचारों में रमा हुआ अपनी ही किताब पढ़ता है' -प्रस्तुत वाक्य की व्याख्या कीजिए (5)

इति

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

**First Term – 2018**

**Sub: Hindi (Text)** **Class: 8 A,B,C,D** **F. M: 80**

**Duration: 3 hrs** **सही उत्तर** **Date: 19.4.2018**

***नोट: कार्य स्वच्छता तथा व्यवस्थित रूप से किया जाना चाहिए।***

***GROUP-A (15)***

1. **बहुवैकल्पिक प्रश्न** (1X5=5)

क. (ii)सदाचार को अपनाना

ख. (ii)जिन्हें आराम आसानी से मिल जाता है

ग. (i)उद्देश्य

घ. (i)सिंह

ङ. (ii)अपना स्वाभाविक वैर

2. **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** (1X10=10)

क. **शब्दार्थ लिखो –** प्रसन्न, क्रूरता, धीमा, मन को नियंत्रण में रखना, ईमानदार

**ख. रिक्त स्थान भरो -**

I.पानी का महत्त्व वही समझ सकता है जो प्यास से बेहाल हो ।

ii. जिंदगी की दो सूरतें हैं ।

(iii) अकारण प्राणी-वध करना वृत्रासुर का स्वाभाव है ।

iv. उपवास और संयम आत्महत्या के साधन नहीं है ।

v.ऋषि की अस्थियों से देवताओं ने वज्र बनाया ।

***GROUP-B (25)***

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्य में उत्तर दो -** (2X5=10)

क. 'एक बने हम...' नामक कविता के माध्यम से मनुष्य के कर्तव्य के बारे में हमें पता चलता है।मनुष्य को एकता और ईमानदारी के साथ संसार में सत्कर्म, सदाचार, मानवता और प्रेम का प्रसार करना चाहिए ताकि सभी के हृदय में एकता और प्रेम की भावना जाग्रत हो सके।

ख. एक हुए कच्चे धागों को कोई तोड़ नहीं सकता । आपसी प्रेम एकता को डोर मजबूती से बांधे रखता है जिसे तोडना आसन नहीं होता ।

*ग.* महाभारत में अधिकांश वीर कौरवों के पक्ष में थे क्योंकि सभी असत्य का साथ देने के लिए तैयार थे ।

घ.'हिम्मत और जिंदगी' पाठ से हमें सीख मिलती है कि साहस और त्याग से ही व्यक्ति जीवन में तरक्की पाता है । जो व्यक्ति सामने आने वाली बाधाओं का साहस से सामना करता है, वही सफलता पाता है ।

ड. क्रूर वृत्रासुर और उसके साथियों के आतंक से देवता त्रस्त थे. बलवान और चतुर असुरों से प्राणों की रक्षा करना उनके लिए कठिन था.इसलिए वृत्रासुर के विनाश का उपाय पूछने के लिए देवता ब्रह्माजी के पास गए .

2. **किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 5-6 वाक्य में उत्तर दो -** **(3X5=15)**

क. किसने-किससे और किस पाठ में कहा -

क.1. ऋषि दधीचि ने देवताओं से । पाठ -अस्थिदान

क.2. ब्रह्मा जी ने देवताओं से कहा. पाठ -अस्थिदान

क.3. बाबू हनुमान प्रसाद ने लेखक केशव चंद शर्मा से। पाठ - गोभी का फूल

ख. वाक्य बनाओ - स्पष्ट है.

ग. असुरों के दल के नेता का नाम वृत्रासुर था ... (पृष्ठ संख्या.28)

घ. सरस्वती नदी के तट पर बहुत ही शांत और पवित्र वातावरण में ऋषि दधीचि का आश्रम ....(पृष्ठ संख्या.29)

ड. नेक और एक बने रहने के लिए हमे अच्छे कर्म और सदाचार के कर्म करने चाहिए। आपसी प्रेम और विश्वास बनाए रखते हुए धरती पर सुख और शांति फैलानी चाहिए ताकि हर व्यक्ति शांति से रह सके।

च. अपने मित्र केशव चंद शर्मा से लखनऊ से मँगवाए क्योंकि वहाँ एक-एक रुपए में सस्ते और अच्छे गोभी के फूल मिलते हैं ।

छ. गाडी में भीड़ बहुत अधिक थी । लोग धक्का-मुक्की कर रहे थे । उनके बैठने की जगह नहीं थी गोभी के फूलों का झाबा किस तरह रक्खा जाता । लखनऊ से ख़रीदे हुए सभी फूल नष्ट हो गए इसीलिए लेखक ने इलाहाबाद से फूल खरीद कर हनुप्रसाद को दे दिए ।

**GROUP- C (40)**

***1. किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर 10-12 वाक्यों में दो-*** **(5X8=40)**

इस वर्ग के सभी उत्तरों का मूल्यांकन छात्रों की तार्किक व बौद्धिक क्षमता और काल्पनिक शक्ति के आधार पर किया जाएगा. उनके भाष-गत ज्ञान, शब्द चयन और व्याकरणिक अशुद्धियों को भी ध्यान में रख कर अंक प्रदान किये जाएगे.